खंड-'ब' रचनात्मक प्रश्न

उत्तर 1.

वर्षा ऋतु

संकेत बिन्दु—अवधि, प्रभाव, लाभ और हानि।

यदि वसंत को ऋतुराज माना गया है तो वर्षा को ऋतु रानी। मई जून की गर्मी से जब धरती पर हाहाकार होने लगता है तब जून के अंतिम दिन या जुलाई का प्रारम्भ हमें आकाश में काले-काले बादलों के दर्शन कराता है और कुछ ही क्षणों में जब वर्षा की पहली झड़ी लगती है, तब मानो बुझते दीपक में तेल पड़ जाता है। इसके बाद यह सिलसिला लगभग सितंबर के अंत तक चलता है।

इस मौसम में आकाश कभी काले तो कभी भिन्न-भिन्न रंगो के बादलों से ढँका रहता है। इस ऋतु में संध्या समय में पश्चिम दिशा का रूप बस निहारने योग्य होता है। ऐसा लगता है, मानो प्रकृति देवी ने सतरंगी ओढ़नी ओढ़ ली हो। कभी प्रात: तो कभी संध्या समय सतरंगी धनुष धरती से स्वर्ग में पहुँचने के लिए पुल का निर्माण कर देता है।

कभी-कभी बादलों से झरता पानी प्रकृति देवी की कृपा की वर्षा कराता है। सड़कों पर भरे पानी में बच्चों को बड़ा आनन्द आता है। कई बार तो सड़कों पर ही नदियों और नहरों का सा दृश्य दिखाई देने लगता है। कभी पुरवैया पेड़ों पर नृत्य करती है तो छोटे-छोटे पौधे भी नाच-नाचकर; गा-गाकर अपना हर्ष प्रकट करते हैं। प्रकृति रानी हरी चुनरिया ओढ़े नित्य प्रति नई नवेली दुल्हनिया-सी दिखाई देती है। पेड़ों पर बोलती कोयलिया मधुर गीत गाती है। प्रात: काल बुलबुल के युगल गा-गाकर मानो हमें जगाते हैं। बाग-बगीचे, खेत-जंगल सब स्नान करके न जाने किसकी आराधना करते दिखाई देते हैं। इस प्रकार मनुष्यों, पशुओं, पक्षियों, मेंढ़कों, जुगनुओं, मंजीरों सबको आनंद विभोर करके कुछ महीने तक अपना आतिथ्य देकर वर्षा रानी विदा हो जाती हैं।

उत्तर 2.

937, सिविल लाइन्स,

दिल्ली।

दिनांक : ....

पूज्य मौसाजी,

सादर चरण स्पर्श।

अभी-अभी टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले समाचारों में सुना कि आप अपने क्षेत्र से भारी बहुमत से विधानसभा के लिए चुन लिए गए हैं। आपके विधानसभा-सदस्य चुने जाने पर परिवार के सभी सदस्य स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। मेरे सहपाठियों ने भी मुझे दूरभाष पर बधाई संदेश दिया है। मेरी ओर से आपको ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएँ।

आपके विधायक बन जाने पर आप पर एक बहुत बड़ा उत्तरदायित्व आ गया है। आपके निर्वाचन-क्षेत्र के मतदाता आपसे बहुत आशा लगाए बैठे हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप उनकी अपेक्षाओं में न केवल खरे उतरेंगे बल्कि जनसेवा को अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

आपका बेटा,

गौरव

उत्तर 3.

सेवा में,

प्रभारी,

आधार पहचान पत्र,

जिला-फिरोजाबाद।

दिनांक ....

विषय—आधार पहचान पत्र न मिलने के सन्दर्भ में।

महोदय,

दिनांक 20.04.XX को फिरोजाबाद विकास खंड के नागरिकों के 'आधार पहचान पत्र' पत्र बनाने के लिए जगह-जगह कैम्प लगाए गए थे। ऐसे ही एक कैम्प विभव नगर फिरोजाबाद में स्थित मुंशी महाराज इंटर कॉलेज में भी लगा था जहाँ मैंने समस्त औपचारिकताएँ पूरी कर

अपना 'आधार पहचान पत्र' तैयार करवाने का प्रयत्न किया। मुझसे कहा गया था कि एक माह के भीतर आपका 'आधार पहचान पत्र' आपके पते पर डाक से भेज दिया जाएगा। खेद है कि, दो माह बीतने के बाद भी अभी तक मेरा 'आधार पहचान पत्र' नहीं आया है।

वर्तमान समय में यह पहचान पत्र ही नागरिकों के लिए अत्यन्त आवश्यक है। यह आई. डी. प्राप्त तो है ही साथ ही बैंक, पोस्टऑफिस, रेल, आयकर विभाग आदि में भी मान्य है। पासपोर्ट बनाने में भी 'आधार पहचान पत्र' की उपयोगिता है।

अत: आपसे निवेदन है कि मेरा आधार पहचान-पत्र शीघ्र ही प्रदान करने की कृपा करें।

भवदीय,

राज किशोर गुप्ता,

34/2, विजयनगर सेक्टर-1 फिरोजाबाद।

मो. 94225125XX

उत्तर 4.

मयूर नोबल स्कूल

आवश्यकता है

गणित अध्यापक की

योग्यता - बी.ए, बी.एड.,

कम से कम दो वर्षों का अनुभव आकर्षक वेतनमान

दिनांक : 2, 3, 4 अप्रैल को सीधे साक्षात्कार हेतु प्रमाण-पत्रों के साथ विद्यालय कार्यालय में सम्पर्क करें।

✆ : 72158 94312

उत्तर 5.

शिवरात्रि की पावन बेला पर

शंकर की ज्योति से नूर मिलता है

भक्तों के दिलों को सकून मिलता है

शिव के द्वार आता है जो भी

सबको फल जरूर मिलता है।

महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ

❑❑